तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

11 पंचायतों की राशि जारी नहीं होने पर कलेक्ट्रोरेट...



12 टिकरापारा में विकास को मिली नई गति, सीसी रोड...



खबर संक्षेप



वोट चोरी का आरोप लगाकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मैनपुर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर देशभर में जारी विरोध के बीच नगर में भी किसान और आदिवासी संगठनों ने विरोध दर्ज कराया। संयुक्त किसान मोर्चा और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल एसडीएम कार्यालय पहुंचा। यहां प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठनों ने अपने ज्ञापन में दावा किया कि एसआईआर के दौरान देशभर में 13.14 करोड़ वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए गंभीर खतरा बताते हुए हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम तत्काल बहाल करने की मांग की। ज्ञापन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर संवैधानिक जिम्मेदारियों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया गया। संगठनों ने उनके इस्तीफे के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई की मांग भी रखी। इसके अलावा, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून में संशोधन और चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रताप मरकाम (जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष, आदिवासी विकास परिषद, विकासखंड मैनपुर), महेंद्र नेताम ▶▶शेष पेज 10 पर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर का राजशाही दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरती पर अनेक ऐसे पर्व और परंपराएं विद्यमान हैं, जो अपनी विशिष्ट पहचान से जनमानस को आकर्षित करती हैं। इन्हीं में गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर का 'राजशाही दशहरा' अपनी अनूठी और विशिष्ट परंपराओं के कारण अलग स्थान रखता है। बस्तर दशहरे के बाद फिंगेश्वर के शाही दशहरे की प्रसिद्धी दूर-दूर तक है। राजशाही दशहरा आज मनाया जाएगा।

- राजशाही वेश-भूषा के साथ विशाल शोभायात्रा होगी प्रमुख आकर्षण का केंद्र

शिक्षक, साहित्यकार एवं मानस व्याख्याकार

आस्था, परंपरा और गौरवशाली इतिहास की अनूठी परम्परा



मां मौली और राजघराने की लोककथा

फिंगेश्वर के राजशाही दशहरे का संबंध प्राचीन मां मौली मंदिर से गहराई से जुड़ा है। मां मौली को राजघराने की आराध्य देवी माना जाता है। लोकमान्यता है कि मां मौली ने राजा को संकट से उबारने में सहायता की थी। जब राजा ने देवी के लिए भव्य मंदिर बनवाने की इच्छा जताई, तो देवी ने विशाल महलनुमा मंदिर के बजाय घास-फूस की साधारण खदर (कुटिया) में निवास करना स्वीकार किया। इसी कुटिया के ठीक बाईं ओर विशाल मंदिर स्थापित है, जहाँ मां की प्रतिमा विराजमान है। कुंवार नवरात्रि में यहाँ हजारों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाते हैं।



धानू निषाद ने इस उत्सव के बारे में बताते हुए कहा कि फिंगेश्वर का यह राजशाही दशहरा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह राजपरंपरा, लोकआस्था, मां मौली की आराधना और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। फिंगेश्वर के राजशाही दशहरे से जुड़ा सबसे रोचक प्रश्न यही है कि यहां विजयादशमी के दिन दशहरा न मनाकर क्वार (कुंवार) मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी (तेरस) को यह उत्सव क्यों मनाया जाता है? उपलब्ध ऐतिहासिक आलेखों और स्थानीय परंपरा के विवरणों के अनुसार, फिंगेश्वर राजघराने के राजा ठाकुर दलगंजन सिंह का निधन विजयादशमी के दिन ही हुआ था। राजपरिवार में इस शोकपूर्ण घटना के घटने के कारण दशहरे ▶▶शेष पेज 10 पर

दो दिन में सरगी नाला में रपटा बनाने का मिला आश्वासन, काम शुरू होते ही चक्काजाम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत रवेली लोहरसी के पास सरगी नाला की क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर लगातार प्रकाशित खबरों और ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश का असर अब दिखाई देने लगा है। चार माह से आवागमन की समस्या झेल रहे ग्रामीणों की मांग पर आखिरकार निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों ने पहल की है। 22 अक्टूबर की शाम गांव में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में दो दिनों के भीतर नदी में आवागमन के लिए रपटा बनाने का आश्वासन दिया गया। आश्वासन के बाद उसी शाम काम भी शुरू कर दिया गया। इसके बाद ग्राम विकास समिति ने 23 ▶▶शेष पेज 10 पर

- चार माह से टूटी पुलिया के कारण 12 गांवों के लोगों हो रही परेशानी

खबर का असर

खबर का असरः हरिभूमि ने समस्या को लेकर प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित थी





छत्तीसगढ़ राजिम को चक्काजाम की सूचना देकर सौंपा आवेदन

सरगीनाला की टूटी पुलिया पर चार माह में नहीं बनी व्यवस्था

कोपरा नेशनल हाईवे पर 23 को ग्रामीण करेंगे चक्काजाम

खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन तक पहुंची ग्रामीणों की आवाज

सरगी नाला की पुलिया क्षतिग्रस्त होने से मुर्मुरा, संकरा, फूलझर, गाड़ाघाट सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों के अनुसार, रास्ता प्रभावित होने से लोगों को करीब 12 से 15 किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। स्कूली बच्चों, किसानों, व्यापारियों, कर्मचारियों और अन्य राहगीरों की परेशानी लगातार बढ़ रही थी। ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों तक अपनी समस्या पहुंचाई, लेकिन वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था नहीं होने से नाराजगी बढ़ती गई। इस जनसमस्या को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी।। लगातार खबरों के प्रकाशन और ग्रामीणों की आंदोलन की चेतावनी के बाद 22 अक्टूबर की शाम गांव में बैठक हुई। इसमें दो दिनों के भीतर नदी में रपटा तैयार कर आवागमन बहाल करने की बात कही गई। इसके बाद निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया।

सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाएं : रोहित साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

रविधानसभा क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों की समीक्षा करने विधायक रोहित साहू ने स्थानीय विश्राम गृह में आवश्यक बैठक ली। बैठक में राजस्व विभाग,लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विद्युत विभाग, वन विभाग और सेतु निर्माण सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में नगर पालिका राजिम के अध्यक्ष महेश यादव भी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना, विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय को बेहतर बनाना और निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं व समस्याओं का त्वरित निराकरण करना था। विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि क्षेत्र में हो रहे सभी सड़क निर्माण कार्य तय समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे होने चाहिए। उन्होंने कहा ▶▶शेष पेज 10 पर

- विधायक साहू ने ली अधिकारियों की बैठक



खबर संक्षेप

25 को सजेगी मां दुर्गा की जस झांकी, विधायक जनकराम होंगे शामिल

रसेला। ग्राम रसेला के पारा बेलडीही में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 25 अक्टूबर को जय मां दुर्गा नदगईया जस झांकी, सिहाद भखारा, जिला धमतरी का भव्य रात्रिकालीन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धार्मिक आस्था और भक्ति के इस आयोजन को लेकर ग्राम बेलडीही में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जनकराम ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रूपादेवी ठाकुर करेंगी। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, ग्राम पटेल लोकराम यादव, दुखूराम यादव, बिग्रेंद्र ठाकुर, सैयद चिराग अली, भावसिंह मरकाम, संत कुमार ठाकुर, नदुदास मानिकपुरी, धनीराम यादव, कृष्णा चक्रधारी, इकबाल मेमन, रायसिंह ठाकुर, कुबेर बारिक एवं मालती मार्कंडेय सहित अन्य आमंत्रित अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। अयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7 बजे अतिथियों के स्वागत एवं उद्बोधन से होगी। इसके पश्चात रात्रि 9 बजे मां दुर्गा की जस झांकी का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु मां दुर्गा की भक्ति और जसगान का आनंद लेंगे।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेलडीही के समस्त पारावासी तन, मन और धन से जुटे हुए हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने तथा मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

राजा दशहरा आज, रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

फिंगेश्वर। नगर में आज 24 को राजा दशहरा पर्व को लेकर जहां राजशाही कार्यक्रम संपन्न होंगे वही पर रात्रि में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृति कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर रात्रि 9.30 बजे से देर रात तक संपन्न होंगे। कार्यक्रम इस प्रकार से है। रंग सरोवर (भूपेन्द्र साहू) हाई स्कूल मैदान, आतिशबाजी हाई स्कूल मैदान, छत्तीसगढ़ी नाचा पुराना बस स्टैंड, छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा (पवन चंद्राकर) राजमहल के पास, मंगल आरती (तुलेश्वर धृतलहरे) गुरु घासीदास मंदिर के पास एवं जस झांकी (टोनाटार) मौलीपारा मे संपन्न होगा। सूत्रो से जानकारी मिली है कि फिंगेश्वर के दशहरा महोत्सव में वीआई लोगो का जहां आगमन होगा जिसमें राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुर्नवास एवं उच्चशिक्षा विभाग मंत्री टंकराम वर्मा एवं कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के गुरू खुशवंत साहेब दशहरा महोत्सव में आ सकते हैं।

उधार की रकम को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम लिमगांव में उधार की रकम को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की हुई घटना में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को लिमगांव के मदन चौहान ने बताया कि गांव के मनोज श्रीवास से उसके पुत्र अमरनाथ चौहान ने 200 रुपए उधार लिया था। 22 अक्टूबर को उधार का पैसा मांगने उसके घर के आंगन में दोपहर करीबन 02.30 बजे मनोज श्रीवास आया और उधार का पैसा वापस मांगने लगा। इस पर उसने कहा कि मेरा पुत्र सरायपाली गया है, वापस आएगा तो पैसे को दिलवा दूंगा। इस पर आवेश में आकर मनोज गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट करने लगा। मारपीट करने से सिर में, बांये हाथ में चोट लगी। आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

नारियल फेंक कर मारा युवक का दांत टूटा

महासमुंद। दुर्गा विसर्जन के दौरान एक युवक पर नारियल फेंककर मारने और गाली गलौज करने के मामले में दो लोगों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। वार्ड वार्ड नं 27 कौशिक कॉलोनी निवासी सौभाग्य यदु 21 अक्टूबर की रात करीबन 11 बजे अंबेडकर चौक का माता विसर्जन करने के लिए महामाया तालाब जा रहा था, तभी रितु यादव महामाया पारा ने मुझ पर माता आई है कहकर जान बूझकर उसके ऊपर नारियल फेंक कर मारा, जिससे नीचे का एक दांत टूट गया।

बैठक : भाजपा जिला पदाधिकारियो की मैनपुर में बैठक

भाजपा का लोकतंत्र बचाओ भीड़ तंत्र हटाओ अभियान को गति देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भारतीय जनता पाटऍ जिला पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अगुवाई में आयोजित हुई। बैठक में 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाए जा रहे 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान की रूपरेखा और जिले में इसके प्रभावी संचालन को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन राजनीतिक विरोध संवैधानिक मर्यादाओं, तथ्यों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने विपक्ष की ओर से अपनाए जा रहे विरोध–प्रदर्शनों और राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र में असहमति का अधिकार सभी को है, किंतु विरोध के दौरान कानून–व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा का ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

- संवैधानिक मर्यादा में हो विरोध: जिलाध्यक्ष चंद्राकर



बैठक में ये रहे उपस्थित- बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, केशरी ध्रुव , जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके , योगेश शर्मा, राधेश्याम सोनवानी, योगीराजमाखन कश्यप, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव नंदकिशोर चौबे फारूक चौधरी, डायमंड साहू, मोहन कुशवाहा सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने संगठनात्मक तैयारियों पर जोर देते हुए पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने अभियान के संदेश को आम नागरिकों तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा ने अभियान की सफलता के लिए संगठन की एकजुटता, प्रभावी जनसंपर्क और स्पष्ट कार्ययोजना को महत्वपूर्ण बताया। जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर अपने विचार रखे। बैठक में अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित पदयात्रा, संवाद कार्यक्रमों, जनसंपर्क और प्रचार–प्रसार की गतिविधियों पर भी विचार–विमर्श किया गया। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनविश्वास, मतदाता सूची की शुद्धता और संवैधानिक प्रक्रियाओं के महत्व जैसे विषयों को जनता के बीच रखने के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों के लिए संगठन को तैयार करना तथा जिले में पाटऍ की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना रहा।

108 कुडीय यज्ञ को लेकर गायत्री परिवार ने की ग्राम देवरी में बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर में 22 से 25 दिसंबर तक होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी अखिल विश्व गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने तेज गति से प्रचार प्रसार एवं कार्य प्रारंभ कर दिए हैं। जिसके लिए टोली बनाकर,गांव–गांव आमंत्रण पत्र देकर 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ का रूपरेखा बात कर एवं तन मन धन से सहयोग का संकल्प मीटिंग के कर करवा रहे हैं। ग्राम देवरी में ग्रामवासियों, गायत्री परिवार के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक गायत्री मंदिर देवरी में हुई। 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ का रूपरेखा युगपुरोहित परमानंद ने सविस्तार बताया। 108 कुंडी गायत्री आयोजन समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू ने आयोजन का महत्व बताते हुए उपस्थित सभी लोगों से एवं ग्रामवासियों से तन मन धन से सहयोग की अपील की। जिस पर सभी ने हर तरह की सहयोग का संकल्प लिया। एचएल साहू ने कहा की यज्ञ से सभी का कल्याण होगा। यह महायज्ञ सभी व्यक्तियों के सुखी समृद्ध एवं निरोगी तथा संस्कारित जीवन हेतु किया जा रहा है। गायत्री मंदिर फिंगेश्वर से मीटिंग लेने आयोजन समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू,युग पुरोहित परमानंद,संरक्षक एच एल साहू एवं नरेंद्र चंद्राकर पहुंचकर मीटिंग लेकर आमंत्रण पत्र दिया। उक्त बैठक में ग्राम के सरपंच सुरेंद्र कुमार साहू,होरीलाल साहू सीताराम साहू,वसंत साहू,रेखन साहू,दुकालू राम साहू,दुर्गा प्रसाद साहू,मनहरण साहू,नरेश साहू,श्यामू साहू टेटकू राम साहू,उमेंद्र राम साहू सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रह। सभी ने महायज्ञ में समय दान अर्थ दान एवं सेवा कर महायज्ञ में हर तरह की सहयोग कर सफल बनाने का संकल्प लिया।

लाखों के विकास कार्यों से संवरेगा जौंदी, विधायक ने दी कई सौगातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम पंचायत जौंदी में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भू मि पू ज न कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। प्रार्थना शेड निर्माण लोकार्पण 4 लाख, भूमिपूजन अतिरिक्त कक्ष 7.08 लाख, एवं किचन शेड निर्माण राशि 5 लाख 18 हजार तथा जय स्तम्भ चौक, जौंदी में टीन शेड निर्माण कार्य की राशि 5 लाख रुपये के घोषणा विधायक इंद्रकुमार साहू द्वारा किया गया। विभिन्न निर्माण कार्य का लोकार्पण एवं भूमिपूजन विधायक इन्द्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता ब्रह्मानंद साहू जनपद सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच टीकम चन्द साहू एवं द्रोपदी साहू टोमन साहू, रंगनाथ साहू, सरपंच कुन्ती साहू, उपसरपंच पोखन यदु, गिरधारी साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, रामकुमार साहू, गैंदालाल, पारसमणी, ओमप्रकाश, भागवत यदु, संतराम साहू, रामानंद साहू, अश्विनी साहू, पंच चेतन, शम्भू, रमण साहू, जानकी साहू, संगीता ध्रुव, गणेशिया विश्वकर्मा, इंदल यदु, शोभाराम साहू, ईश्वर साहू, रामकृपाल, गोबिंद, लता साहू, कविता सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। जौंदी ग्राम पंचायत में इन नए विकास कार्यों से ग्रामीणों को अभूतपूर्व लाभ मिलेगा और क्षेत्र में प्रगति के नए द्वार खुलेंगे।

- विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक हुए शामिल



आज रावण दहन के बाद डीजे डांस प्रतियोगिता

छुरा। नवरात्रि के बाद नगर पंचायत छुरा अंतर्गत होने वाले शाही दशहरा का आयोजन इस बार शनिवार आज को सम्पन्न होंगी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम समिति के अध्यक्ष ओमकार शाह, राजकुमार यष्पेन्द्र शाह के दिशानिर्देश मे यह आयोजन सम्पन्न होगा। आज शनिवार को रात्रि 9 बजे रावणभाटा मे सम्पन्न होगा, तत्पश्चात रात्रि 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। रामलीला का मंचन कार्यक्रम पर विशेष तैयारी की जा रही है। डीजे डांस मे इनाम सामूहिक नृत्य में 10,000, द्वितीय 5000, तृतीय 2000, एकल नृत्य में प्रथम 5000, द्वितीय 2500, तृत्य 1000, युगल में प्रथम 7000, द्वितीय 3000, तृतीय 1500 इनाम है, प्रत्येक प्रतिभागी को सात्वना पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रवेश निशुल्क है, इस पुनीत कार्यक्रम में दशहरा समिति के प्रतिनिधि बजरंग पाण्डेय, रिंकू सचदेव, कुलेश्वर सिन्हा, कुमार, रंजन ध्रुव, संत निर्मलकर जोर शोर से तैयारी में लगे है।

पैरी सरगम पंडवानी गरियाबंद की तीन दिवसीय प्रस्तुति रही सफल





हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शारदीय नवरात्रि आयोजन में पैरी सरगम पण्डवानी गरियाबंद की हुई तीन दिनों की सफल प्रस्तुति

शारदीय नवरात्रि पर्व पर गायत्री कार्यकर्ता अंचल के लोक कलाकार साहित्यकार गौकरण भी मानिकपुरी और पण्डवानी ग्रुप पैरी सरगम गरियाबंद छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र की धरती गोंदिया जिले अंतर्गत ग्राम भजिया पार टोला में तीन दिनों तक पण्डवानी की सफल प्रस्तुति पश्चात नवमी को एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ में शामिल होने का अवसर मिला।

उल्लेखनीय है कि गौकरण मानिकपुरी गायत्री परिवार में वर्ष 1988 में जुड़कर मिशन के विभिन्न गतिविधियों से धर्म जागरण, लोक कला एवं सांस्कृति एवं लोक साहित्य हिन्दी विषयों पर लगातार लेखन सम्पादन पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशन आदि रचनात्मक कार्यों में संलग्न रहते हुए गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य गायत्री माता का आशीर्वाद प्राप्त करते, उक्त कार्य करते हुए अंचल और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर कला दल के सभी कलाकार साथियों में गायिका गायत्री राजपूत, कमला बाई मानिकपुरी , नरोत्तम धुरव, लोमश कुमार साहू, सूरज कुमार साहू, डोमन साहू, मोती राम नागेश द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति की वहां के लोगों ने खूब सहारना की। वहीं इस गांव में घर–घर से जुड़े गायत्री परिजन पहुंचकर यज्ञ भगवान में आहुतियां देकर सबके लिए मंगल कामना किया गया। जिसमें आचार्य पूरण लाल चौधरी, तिलक चंद कटरे मेघराज चौधरी, राधेलाल राहंगडाले, श्रावण, महाराष्ट्र कलाकार संघ प्रमुख नानिक राम टेंभरे, लक्ष्मण दीनदयाल, गोकूल, सुनीता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सेंदबाहरा में दशहरा पर हुई डीजे डांस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम सेंदबाहरा में दशहरा पर बुधवार की रात्रि 8 बजे जय मां शीतला समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरा के सदस्य नारायण सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथिग्राम सरपंच ललिता कंवर, मलेवा अंचल कांग्रेस जोन के उपाध्यक्ष दयालु राम कुंजाम, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, लघु वनोपज समिति टेंगनाबासा के अध्यक्ष चमारसिंह नागेश, आकाश कृषि सेवा केंद्र छुरा के मोहेन्द्र सिन्हा, ठाकुर राम चन्द्राकर, डोलाबाई नागेश, थानेश्वर सोरी, ग्राम पटेल गोहन सिंह नागेश, शाखाराम नागेश, खामसिंग सोरी एवं ग्राम प्रमुख राधेश्याम ठाकुर सहित अन्य आमंत्रित अतिथि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विधायक जनक राम ध्रुव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डीजे डांस प्रतियोगिता जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपनी कला एवं हुनर प्रदर्शित करने का अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत छुरा के सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर ने कहा कि डीजे डांस प्रतियोगिता मनोरंजन के साथ-साथ युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच प्रदान करती है। **ये रहे विजेता-** सामूहिक नृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान टाइगर व्यास बरेली, द्वितीय स्थान जय मां शीतला डांस ग्रुप पलेमा,तृतीय स्थान जय सतनाम ग्रुप सिवनी, चतुर्थ स्थान सनसाईन ग्रुप खेरटकला को प्राप्त हुआ । युगल नृत्य में प्रथम स्थान शेखर व यश, द्वितीय स्थान कोमाखान ग्रुप ,तृतीय स्थान स्टार ग्रुप,चतुर्थ स्थान दीपक और शिवा को प्राप्त हुआ। एकल नृत्य में प्रथम स्थान नंदू यादव,द्वितीय स्थान टीकम पटेल,तृतीय स्थान लक्ष्मण गोस्वामी,चतुर्थ स्थान माहि यादव को प्राप्त हुआ । निर्णायक की भूमिका गणेश यादव, चेतन ध्रुव एवं खेदूराम विश्वकर्मा ने निभाई। **इनका रहा योगदान-** कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष थानेश्वर सोरी, उपाध्यक्ष दलेश्वर नागेश, सलाहकार यशवंत नागेश, सचिव लोमस ठाकुर, ग्राम प्रमुख सुनील नागेश, राधेश्याम, लोकेश नागेश, अनुज संजय, दुर्गेश, नीलकमल, प्रमोद, किशन, शाखाराम, संतोष, जीवन सोरी, खामसिंग सोरी, सादाराम, ग्राम पटेल गोहन सिंह नागेश, करण, रोमन सिंह नागेश, आकाश, मनीष नागेश सहित अन्य सदस्यों एवं ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शिक्षक संतराम कंवर ने किया।

- विधायक जनक राम ध्रुव सहित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने की शिरकत



महिला स्व-सहायता समूहों को डिजिटल भुगतान से जोड़ने विशेष पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आकांक्षी विकासखंड मैनपुर में स्व–सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक करने तथा डिजिटल वित्तीय सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम अमलीपदर में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्व–सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को डिजिटल भुगतान प्रणाली से जोड़ना, डिजिटल वित्तीय सेवाओं के प्रति उनका विश्वास बढ़ाना तथा उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन के लिए प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान बीएचआईएम–यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल किया गया। इस कार्यशाला में आकांक्षी फैलो देवेंद्र कुमार यादव, खगेंद्र कुमार, से माइक्रोसेव कंसल्टेंसी (नीति आयोग के द्वारा जनपद पंचायत टीम के दुर्गेश प्रसाद खिलेंदी परस क्षेत्रीय समन्वयक तथा संकुल संगठन से संबंधित कैडर एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से आकांक्षी विकासखंड मैनपुर में स्व–सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को डिजिटल भुगतान प्रणाली से जोड़ने, वित्तीय जागरूकता बढ़ाने तथा साइबर सुरक्षा के प्रति सजग बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।



पेज 9 के शेष...

गरियाबंद जिले के...

का उत्सव विजयादशमी के बजाय तेरस के दिन मनाने की परंपरा शुरू हुई। समय के साथ यह आयोजन सामान्य दशहरे से अलग अपनी एक अनूठी पहचान बनाने लगा।

शाही वेशभूषा और भव्य शोभायात्रा- दशहरे के दिन नगर के पंच मंदिर, बालाजी मंदिर और शीतला मंदिर सहित प्रमुख देवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, श्रृंगार, ध्वजारोहण और महाआरती की जाती है। राजपरिवार के सदस्य पारंपरिक शाही वेशभूषा में सम्मिलित होते हैं। पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं।

वोट चोरी का आरोप लगाकर...

(संरक्षक, आदिवासी विकास परिषद, जिला गरियाबंद), गज्जू नेगी (अध्यक्ष, युवा प्रभाग एवं सरपंच, मैनपुर कला), युवराज नेताम (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आदिवासी भारत महासभा), लाल सिंह नागेश, परमेश्वर मरकाम, पद्म लाल नेताम, घनश्याम नागेश, दौलत नेताम, मंगल शोरी और घनश्याम मरकाम सहित संयुक्त किसान मोर्चा एवं आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

दो दिन में सरगी...

अक्टूबर को कोपरा स्थित नेशनल हाईवे-130सी पर प्रस्तावित चक्काजाम को फिलहाल स्थगित करने की सूचना दी है। आश्वासन पर चक्काजाम स्थगित, दो दिन की मोहलत- ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण कश्यप सहित पदाधिकारियों ने रपटा निर्माण शुरू होने और दो दिनों में काम पूरा करने के आश्वासन के बाद प्रस्तावित चक्काजाम स्थगित करने की सूचना दी। हालांकि, ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य आंदोलन करना नहीं, बल्कि वर्षों से इस्तेमाल किए जा रहे मार्ग पर सुरक्षित आवागमन बहाल कराना है। यदि निर्धारित दो दिनों के भीतर रपटा पूरी तरह तैयार नहीं होता और आवागमन सुचारु नहीं किया जाता, तो ग्रामीणों को दोबारा आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। **धान कटाई से पहले मजबूत रपटा बनाने की मांग-** ग्रामीणों की चिंता अब केवल पैदल या दोपहिया वाहनों के आवागमन तक सीमित नहीं है। आने वाले दिनों में धान कटाई का काम शुरू होगा। किसानों को धान बेचने के लिए दूसरे गांवों और खरीदी केंद्रों तक जाना पड़ेगा। ऐसे में नदी में मजबूत रपटा बनना जरूरी है, जिससे धान से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य लोड वाहन भी सुरक्षित तरीके से निकल सकें।

सड़क निर्माण...

कि जनता को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिलना हमारी प्राथमिकता है निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की कि वे मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करें। विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारा एकमात्र उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के हर कोने तक पक्की, मजबूत और अच्छी सड़कें पहुंचे। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आपसी समन्वय बनाकर काम करें ताकि वन विभाग, विद्युत विभाग या अन्य किसी भी तकनीकी अड़चन के कारण हमारे विकास कार्य न रुकें। काम पूरी पारदर्शिता, उच्च गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर होना चाहिए, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके और राजिम विधानसभा प्रगति के पथ पर लगातार आगे बढ़े।



खबर संक्षेप



सेवानिवृत्त प्राचार्य रामनारायण का किया सम्मान, जेडी ने सौंपा पीपीओ- जीपीओ

फिंगेश्वर। संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा रामनारायण मिश्रा(से. नि.प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली) को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ साथ उनके पीपीओ, जीपीओ एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान आदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर जेडी संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के समय पेंशन एवं अन्य देय स्वत्वों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना विभाग के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। समय पर पेंशन एवं अन्य भुगतान मिलने से सेवानिवृत कर्मचारी अपने आगामी जीवन की योजनाओं को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सकते हैं। सहायक संचालक आलोक चांडक ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां पर हम अपने काम की जिम्मेदारियां से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं। शासकीय सेवा में रहते हुए अधिकारी–कर्मचारी समाज और विभाग के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने कहा कि शिक्षक का योगदान केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहता बल्कि अपने ज्ञान,संस्कार और मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थियों के जीवन को दिशा प्रदान करता है इसलिए शिक्षक का सम्मान सदैव समाज में बना रहता है। शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता। प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने शिक्षा विभाग में अपने सेवा कल के दौरान विद्यालयीन व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू,सुनील नायक संगठन मंत्री शिक्षक संघ रायपुर,व्याख्याता पूरन लाल साहू, सहायक ग्रेड 03 श्याम लाल साहू,तोमन राम साहू उपस्थित थे।

चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई देशभक्ति की अनूठी झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजिम

देशभक्ति और उत्साह के साथ में मनाया 'वीर गाथा' उत्सव

विद्यार्थियों में देशभक्ति, नागरिक मूल्यों एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय रामबिशाल पांडेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वीर गाथा 6.0 के अंतर्गत चित्रकला, कविता, निबंध लेखन एवं प्रस्तुति प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन और संचालन व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने किया। शिक्षिका ने बताया कि वीर गाथा परियोजना भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल है। इसका उद्देश्य देश के वीरता पुरस्कार विजेताओं तथा भारतीय वीर योद्धाओं के साहस, त्याग और बलिदान की गाथाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराना है। इसके माध्यम से बच्चों में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति, नागरिक चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाता है। इसी तारतम्य में विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई, छत्रपति वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप योद्धाओं के जीवन वृत्त का कैनवास पर सुंदर चित्रण किया। निबंध व काव्य लेखन में वीरता पुरस्कार विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा, मेजर सोमनाथ शर्मा, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव की शौर्य गाथा का वर्णन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में जतिन धीवर, निबंध लेखन में नीरज सोनकर प्रथम रहे। कविता लेखन में भूमिका सोनकर, प्रस्तुति के क्षेत्र में लक्ष्मी वर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिताएं प्रेरणा लेने का देती हैं अवसर

इस अवसर पर प्राचार्य बी.एल. ध्रुव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर गाथा जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों को देश के वीर सपूतों के जीवन और उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का अवसर देती हैं। ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच का विकास होता है। इस अवसर पर व्याख्याता संतोष सूर्यवंशी, गोपाल देवांगन तथा शिक्षिका शिखा महाड़िक अंजू मारकंडे एवं विपाशा सिन्हा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया।

मांग : 4 नवंबर तक राशि जारी करने की रखी मांग

पंचायतों की राशि जारी नहीं होने पर कलेक्ट्रोरेट का घेराव और चक्काजाम करेंगे: सरपंच संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गरियाबंद

सोलहवें वित्त आयोग की लंबित राशि, मनरेगा के भुगतान और निर्माण कार्यों की फाइलों के निराकरण में हो रही देरी सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला सरपंच संघ ने प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखी हैं। जिला अध्यक्ष हरीश साहू के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर से मुलाकात कर कलेक्टर एवं जिला पंचायत प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि 4 नवंबर तक पंचायतों की लंबित राशि जारी की जाए। राशि जारी नहीं होने पर 4 से 10 नवंबर के बीच किसी भी दिन कलेक्ट्रेट का घेराव कर चक्काजाम किया जाएगा। इसके साथ ही मनरेगा के अंतर्गत पूर्ण एवं लंबित कार्यों की देय राशि का भुगतान भी निर्धारित समय-सीमा में करने की मांग रखी गई है। संघ ने मूलभूत मद की राशि पूर्व में प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने पर जोर दिया, ताकि पंचायतों में विकास कार्यों का संचालन बाधित न हो।

■ लंबित भुगतान और निर्माण कार्यों की फाइलों में देरी से नाराज जिला सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन



ये रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संरक्षक पन्ना लाल ध्रुव, कार्यकारी अध्यक्ष कोमल देव ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष हलमान ध्रुर्वा सहित मोती निषाद, सुखसेव साहू, बेनीशंकर साहू, घनश्याम मरकाम, चम्पेश्वर ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव, मनीष ध्रुव, डिगेश्वर साहू, बोधन यदु, घनश्याम साहू, दुरुब सिंह, रवि, विजय, तुलसी, कृष्ण, रविन्द्र एवं हेमलता सहित जिला सरपंच संघ के पदाधिकारी और सरपंच

निर्माण कार्य पूरे, फिर भी भुगतान में देरी

संघ ने निर्माण कार्यों की फाइलों के लंबित रहने और भुगतान में अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताई। जिला अध्यक्ष हरीश साहू ने कहा कि कई मामलों में निर्माण कार्य पूरे होने और नियमानुसार मूल्यांकन के बाद भी भुगतान लंबित रहने से पंचायतों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि निर्माण कार्यों से संबंधित लंबित फाइलों के निराकरण एवं अग्रेषण के लिए अधिकतम 15 दिनों की समय-सीमा निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया जाए। साथ ही पूर्ण एवं मूल्यांकित कार्यों की लंबित राशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए।

आवास सर्वे से लेकर सचिवों की उपस्थिति तक उठाए मुद्दे

ज्ञापन में राशन कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में छूटे पात्र हितग्राहियों के नाम दोबारा जोड़ने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा पंचायत सचिवों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और जिला एवं जनपद स्तर पर आयोजित शासकीय कार्यक्रमों में सरपंचों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आमंत्रित कर सम्मानजनक स्थान देने की मांग की गई।

पीएम आवास की धीमी गति पर जिपं सीईओ ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶। मैनपुर

जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत विकासखंड में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा को लेकर आज जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने विकासखंड स्तरीय जनपद के अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक लिया बैठक में सीईओ ने सख्त लहजे में स्पष्ट किया कि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायतों को आवंटित राशि और उसके उपयोग की बिंदुवार चर्चा किया उन्होंने निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों की प्रगति का जायजा लेते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पीएम आवास योजना की धीमी गति पर जताई कड़ी नाराजगी – समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की धीमी प्रगति पर जिला पंचायत सीईओ ने जमकर नाराजगी जताई उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों व पंचायत सचिवों को स्पष्ट हिदायत दी कि दिसंबर माह तक हर हाल में सभी लंबित आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए उन्होंने कहा कि गरीबों के आशियाने के निर्माण में देरी या लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक व कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अधूरे कार्यों को तुरंत पूरा करने के निर्देश – सीईओ ने जिला पंचायत विकास निधि तथा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत स्वी—त एवं अधूरे पड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट उपलब्ध होने के बाद भी कार्य लटकाए रखने वाले कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक मे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र अपूर्ण भवनों को शीघ्र पूरा करने और समर्थ पोर्टल में अनिवार्य रूप से एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।








स्व. ठाकुर दलगंजन सिंह स्व. रानी श्याम कुमारी देवी स्व. महेन्द्र बहादूर सिंह


फिंगेश्वर राजा दशहरा महोत्सव 2026

मौली माता के असीम कृपा से जन आस्था का पारंपरिक पर्व फिंगेश्वर के राजा दशहरा में पधार रहे समस्त श्रद्धालुगणों का स्वागत...वंदन... अभिनंदन!


मा. राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह
सर्वाकार मंदिर ट्रस्ट कमेटी फिंगेश्वर


मा. देवेन्द्र बहादूर सिंह
पूर्व विधायक

धार्मिक कार्यक्रम
दिनांक- 24.10.2025 दिन-शनिवार
प्रातः श्री देवघर, दफ्तर पूजा, श्री बालाजी, श्री पंचदेव,श्री मावली देवी एवं श्री फणीकेश्वनाथ मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना एवं ध्वजारोहण रात्रि भगवान श्रीराम चंद्र जी संग देवता एवं राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह की विजय एवं शोभा यात्रा पश्चात महल मे भेंट सुपारी पश्चात दशहरा महोत्सव का समापन।
प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम
सभी कार्यक्रम फिंगेश्वर के विभिन्न स्थानों पर रात्रि 9.30 बजे से देर रात तक संपन्न होंगे।
(1) रंग सरोवर (भूपेन्द्र साहू) हाई स्कूल मैदान (2) आतिशबाजी हाई स्कूल मैदान (3) छत्तीसगढ़ी नाचा पुराना बस स्टैंड
(4) छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा (पवन चंद्राकर) राजमहल के पास (5) मंगल आरती (तुलेश्वर धृतलहरे) गुरु घासीदास मंदिर के पास (6) जस झांकी (टोनाटार) मौलीपारा

भवदीय - राजपरिवार


मा. युवराज आदित्येन्द्र बहादूर सिंह

मा. सुश्री पुखराज सिंह

मा. श्रीमती यशोधरा सिंह

मा. शिवाजी ध्रुवें

ट्रस्टी

मा. शिवकुमार सिंह ठाकुर

मा. आनंदवर्धन सिंह

मा. रमेन्द्र सिंह

मा. पंकज शर्मा

मा. रवि तिवारी



विनीत - श्री मंदिर ट्रस्ट कमेटी फिंगेश्वर, विकासखंड- फिंगेश्वर, जिला- गरियाबंद।

खबर संक्षेप

धान खरीदी 15 नवंबर के बजाय 1 नवंबर से शुरू करे सरकार : अभिषेक मिश्रा

छुरा। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा एक दिवसीय प्रवास पर क्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए राज्य सरकार से धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर के बजाय 1 नवंबर से करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान की कटाई शुरू हो चुकी है। ऐसे में किसानों को अपनी उपज बेचने और दीपावली पर्व की तैयारियों के



लिए समय पर राशि की आवश्यकता है। सरकार को किसानों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी की तारीख में बदलाव करना चाहिए। अभिषेक मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में शासन द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है, जो किसानों की मौजूदा परिस्थितियों के अनुरूप उचित नहीं दिखाई देता। उन्होंने कहा कि दीपावली प्रदेश का सबसे बड़ा त्योहार है, जिसे 8 नवंबर से पूरे प्रदेश में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस पर्व के दौरान किसान अपने घरों की साफ-सफाई और लिपाई-पुताई कराने के साथ नए कपड़े, वाहन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी करते हैं। इन सभी तैयारियों के लिए उन्हें धनराशि की जरूरत होती है। यदि धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी, तो किसानों को त्योहार के दौरान आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धान खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ होने पर किसानों को अपनी उपज बेचने का अवसर मिलेगा और वे दीपावली की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय पर राशि प्राप्त कर सकेंगे। इसका सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण बाजारों और व्यापारियों पर भी पड़ेगा। अभिषेक मिश्रा ने राज्य सरकार से मांग की कि किसानों के हित में धान खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ की जाए, ताकि किसान अपनी उपज बेचकर दीपावली का त्योहार खुशहाली और आर्थिक राहत के साथ मना सकें।

जिले की 22 ग्राम पंचायतों में उपचुनाव की तैयारी जारी

गरियाबंद। पंचायत उपचुनाव 2026 के तहत गरियाबंद जिले की 22 ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार की जा रही है। जारी सूची के अनुसार, जिले में कुल 22 पद रिक्त हैं, जिनमें 21 पंच पद और एक सरपंच पद शामिल है। रिक्त पदों वाली ग्राम पंचायतों में गरियाबंद विकासखंड की हरदी, पोटिया, छिंदौला, मरदाकला और धवलपुरडीह शामिल हैं। छुरा विकासखंड की करकरा, कुरूद, खरखरा और बोडराबांधा-ब, फिंगेश्वर विकासखंड की कुम्ही, बरभाठा और अरण, मैनपुर विकासखंड की सगड़ा, काण्डेकेला, तौरेंगा, मैनपुरखुर्द, कुल्हाड़ीघाट, जांगड़ा और सरईपानी तथा देवभोग विकासखंड की कुहीमाल, कुम्हड़ईकला और कोसमकानी ग्राम पंचायतों में भी रिक्त पद हैं। इन 22 ग्राम पंचायतों में कुहीमाल ग्राम पंचायत में सरपंच का एक पद रिक्त है, जबकि शेष 21 ग्राम पंचायतों में पंच के पद रिक्त हैं। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर 2026 को किया गया। मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां 30 अक्टूबर 2026 को दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 3 नवंबर तक किया जाएगा। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 30 नवंबर 2026 को किया जाएगा।

निधन

मानकी बाई टंडन

राजिम। बकली निवासी मानकी



बाई टंडन उम्र 65 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

टिकरापारा में विकास को मिली नई गति, सीसी रोड और नाली निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम पंचायत लोहरसी में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और गांव के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। टिकरापारा में एसकुमार निषाद के घर से तेजप्रसाद तिवारी के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। 15वें वित्त आयोग की राशि से होने वाले इस निर्माण कार्य से मोहल्लेवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच लोमस साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की मौजूदगी में विधिवत भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की गई। गांवों के समग्र विकास में सड़क और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं की अहम भूमिका होती है। सीसी रोड बनने से लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी, वहीं नाली निर्माण से घरों से निकलने वाले पानी की निकासी व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। इससे मोहल्ले में स्वच्छता बनाए रखने और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। ग्रामीणों की सहभागिता के बीच शुरू हुआ यह निर्माण कार्य लोहरसी में स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सड़क और नाली निर्माण पूरा होने के बाद टिकरापारा के रहवासियों को इसका सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

15वें वित्त की राशि से होगा निर्माण





ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर सरपंच लोमस साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, पंच जागेश्वर साहू, नैना ठाकुर, हेमलता निषाद, विक्रम साहू सहित मिलाप साहू, भगोली वर्मा, नंदू निर्मलकर, दिनदयाल साहू, मुकेश निर्मलकर, लेखराम निषाद, नंदकुमार पटेल, निखिल निर्मलकर, लीलाराम निर्मलकर, गैंदराम पटेल, एसकुमार निषाद, दूजबाई निर्मलकर, छमा वर्मा, छीता साहू, सुनती साहू, कांति निषाद निर्मला साहू उरेन्द्र साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

अनदेखी : स्वच्छ भारत की उड़ रहीं धज्जियां

ओडीएफ गांव में खुले और नदी नालों में जाने को ग्रामीण मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए अधिकांश शौचालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं। कहीं शौचालय उपयोग के लायक नहीं रहा, कहीं निर्माण अधूरा तो कहीं पानी की सुविधा नहीं होने के कारण इसका उपयोग ही नहीं हुआ। जिसके कारण ग्रामीण इलाकों के गांवों में सुबह व शाम को अंधेरा होते ही खुले, नदी नालों, तालाबों में शौच जाने के लिए ग्रामीण मजबूर हो रहे हैं।

- गांवों में अधिकांश शौचालय कबाड़ में तब्दील, खुले में जा रहे शौच

उल्लेखनीय है कि शौचालय निर्माण के नाम पर गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए खर्च किया गया। एक शौचालय के लिए करीब 12 हजार रुपए तक मिला। शौचालय निर्माण की जिम्मेदारी जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत को दी गई थी। लेकिन ग्राम पंचायतों द्वारा जल्दबाजी में आधा अधूरा निर्माण करवाकर पूर्ण होना बताया गया। अब भी अधिकतर जगहों पर शौचालय अधूरा है, जिसके कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। वहीं जहां पर निर्माण पूर्ण भी हुआ, लेकिन उपयोग नहीं हो रहा है। कुछ जगहों पर तो सिर्फ शौचालय निर्माण किया गया, लेकिन सेप्टिक टैंक नहीं बनाया गया।







जागरूकता अभियान चलाएंगे: सीईओ

जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गेंदलाल चुरेन्द्र ने बताया जब शौचालय निर्माण हुआ और ओडीएफ घोषित हुआ। उस समय कई लोग संयुक्त परिवार मे रहते थे। अब कई परिवार अलग अलग होने के कारण फिर नया शौचालय निर्माण के लिए आवेदन आ रहे हैं, जिसे स्वीकृति के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया, कई जगह जो शौचालय उपयोग नहीं किये जाने की जानकारी मिल रही है। वहां फिर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

गुणवत्ताहीन होने से खंडहर बन गए शौचालय

शौचालय के नाम पर चार दीवार खड़ा कर शौचालय का निर्माण पूर्ण बताया गया, जबकि जब शौचालय बनाया जा रहा था, तब ग्रामीण काफी खुश थे,लेकिन उनकी खुशी निर्माण एजेंसी को रास नहीं आई टारगेट पूरा करने के उद्देश्य से आधे अधूरे शौचालय बनाकर ओडीएफ यानी शौच मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर दिया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने गांव के कई शौचालय गुणवत्ताहीन होने के कारण खंडहर बन गए। विकासखंड के कई अंदरूनी गांव के ग्रामीण शौचालय का उपयोग मुर्गी पालने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि वे पहले से ही खुले में शौच जाते रहे हैं और उन्हें अब भी खुले में ही जाना पसंद है। स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक उत्तर यादव ने कहा, मैनपुर विकासखण्ड में नया ज्वाइनिंग हूं। कितनी संख्या में शौचालय बने हैं। कहां- कहां उपयोग किया जा रहा है, फाइल देखकर ही बता पाउंगा।

'सेवा सेतु पोर्टल' पर विशेष कार्यशाला आयोजित, डिजिटल सेवाओं को सुगम बनाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर रणबीर शर्मा के अध्यक्षता में जिला पंचायत सभा कक्ष में सेवा सेतु पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं उनके लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर ने प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों तक शासकीय सेवाओं का लाभ सरल एवं सुगम तरीके से पहुँचाने के के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान ई-जिला प्रबंधक मिथिलेश देवांगन द्वारा सेवा सेतु पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं, आवेदन की प्रक्रिया तथा संबंधित कार्यों के निष्पादन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इसमें आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, नाम परिवर्तन हेतु राजपत्र में प्रकाशन, विवाह प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, श्रम कार्ड संशोधन सहित अन्य सेवाओं के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र संचालकों एवं सीएससी वीएलवी को पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएँ उपलब्ध कराने, आवेदन प्रक्रिया को सही तरीके से संपादित करने तथा आम नागरिकों को सेवाओं का लाभ लेने में सहयोग प्रदान करने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर श्रम पदाधिकारी जयंती बंसल, जिला आधार समन्वयक नीतीश सिन्हा, जिला सीएससी समन्वयक परमानंद साहू एवं तकनीकी प्रबंधक खिलेश्वरी साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

पंडित युवराज पाण्डेय की पिपरौद में शिव महापुराण कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रदेश के प्रसिद्ध कथावाचक पं. युवराज पाण्डेय का नवापारा विप्र समाज ने नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राजिम विप्र समाज के सदस्य भी विशेष रूप से शामिल हुए। मालूम हो कि प्रसिद्ध कथावाचक पं.युवराज पाण्डेय का 22 अक्टूबर से सात दिवसीय शिव महापुराण पिपरौद में होने जा रहा है। अपने निवास स्थान अमलीपदर से पिपरौद आने के दौरान नगर में पं. पाण्डेय का प्रथम नगर आगमन हुआ। इस दौरान नवापारा और राजिम के विप्रजनों द्वारा पं. पाण्डेय का फूल माला, आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवापारा विप्र समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा ने समाज द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर को विप्र भवन में होने जा रहे सामाजिक आयोजन का विशेष रूप से न्यौता दिया। पं.युवराज पाण्डेय द्वारा विप्र कुल के इस स्नेहपूर्ण आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए हरसंभव आने का आश्वासन दिया।





स्वागत के दौरान नवापारा से समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, सौरभ शर्मा रमाकांत शर्मा, नंदकुमार शर्मा, प्रफुल्ल दुबे, रेखा तिवारी, तनु मिश्रा, सुभाषिनी शर्मा, सोमा शर्मा, किरण तिवारी, रुचि शर्मा, रश्मि तिवारी, जागृति पांडे, ललित पांडेय, कैलाश शुक्ला, चंद्रकांत मिश्रा, दिनेश तिवारी, संतोष मिश्रा, शुभम मिश्रा, हरीश शर्मा, दिनेश शर्मा, मनहरण शर्मा पीयूष शर्मा, मुकेश शर्मा, कमल शर्मा, शिव तिवारी, चंद्रिका शर्मा, मधुसूदन शर्मा, गुडडू मिश्रा, राम शर्मा, श्याम शर्मा, अनंत पुराणिक, अजय तिवारी, ज्ञानेश शर्मा, अंकित शर्मा, सौरभ शर्मा, कैलाश तिवारी, आलोक शर्मा, राजिम विप्र समाज से विकास तिवारी, धीरेन्द्र शर्मा, महितोश शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, नीरज शर्मा, दिव्यांश शर्मा, वेदांत शर्मा, हेमंत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

झांकी ने मोहा मन, रामेश्वरम ग्रुप द्वारा मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

टेंगनाबासा में हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा एवं मेधावियों का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम टेंगनाबासा में दशहरा पर्व के अवसर पर बाल समाज के सदस्यों द्वारा रात्रिकालीन रावण दहन के पश्चात भव्य झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। झांकी के दौरान ग्राम में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना रहा। देर रात तक चले कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने देवी जसगीतों का आनंद लिया।

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर बढ़ाया हौसला- दशहरा पर्व के इस आयोजन के दौरान रामेश्वरम ग्रुप की ओर से ग्राम के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विभिन्न कक्षाओं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा पांचवीं से हर्ष कुमार सिन्हा ने 90.80 प्रतिशत तथा लतिका सिन्हा ने 86.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा आठवीं में दुष्यंत कुमार ने 89.62 प्रतिशत और मेघराज कमार ने 90.27 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं कक्षा दसवीं में मंजूलता सिन्हा ने 77.16 प्रतिशत तथा वेदांत ध्रुव ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में उर्वशी सिन्हा ने 84 प्रतिशत और विकास ध्रुव ने 82.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता हासिल की। रामेश्वरम ग्रुप की इस पहल का उद्देश्य ग्राम के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और अन्य छात्र-छात्राओं को भी पढ़ाई के प्रति प्रेरित करना है। सम्मान मिलने से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

बाल समाज के सदस्यों का रहा विशेष सहयोग- कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल समाज के हुमन सिन्हा, तेजेश्वर ध्रुव, मोहेन्द्र सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, उमेश सिन्हा, कमलेश सिन्हा, चोवा सिन्हा, तिलेश सिन्हा, तानेश्वर सिन्हा, महेश यादव, तेजराम यादव, मोहन सिन्हा, दीपक सिन्हा, शिवा सिन्हा, केशव सिन्हा, छगन सिन्हा एवं यशपेन्द्र सिन्हा का विशेष सहयोग रहा। ग्राम टेंगनाबासा में दशहरा पर्व के अवसर पर धार्मिक आयोजन के साथ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किए जाने से उत्सव का माहौल और भी खास रहा। इस पहल ने ग्रामीण स्तर पर शिक्षा के प्रति जागरूकता और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का संदेश दिया।

वार्षिक मिलन समारोह में सामाजिक एकता पर जोर

ध्रुव गोंड़ समाज का वार्षिक मिलन और नवा खाई पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम बम्हनी में आदिवासी जनजाति ध्रुव गोंड़ समाज के समस्त परिवारों द्वारा शुक्रवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सामूहिक नवा खाई पर्व एवं वार्षिक मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर बाजे-गाजे के साथ बूढ़ादेव पालो निकाला और नवनिर्मित बूढ़ादेव ठाना पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नए अनाज का भोग अर्पित कर प्रसादी चढ़ाई गई तथा इष्टदेव बूढ़ादेव से समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की गई।

पूजा-अर्चना के पश्चात समाज के महिला-पुरुषों, युवा-युवतियों और अन्य सगा-समाज के लोगों ने एक-दूसरे को नवा खाई पर्व की



शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक रीति-रिवाजों और सामाजिक एकजुटता की झलक देखने को मिली।

शिक्षा, रोजगार और संस्कृति संरक्षण पर चर्चा- वार्षिक मिलन समारोह के दौरान समाजजनों ने शिक्षा, संस्कार, संस्कृति, सभ्यता, व्यवसाय और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने, युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने तथा पारंपरिक संस्कृति और रीति-रिवाजों को संरक्षित रखने पर जोर दिया।

समाज के लोग और मातृशक्ति रहीं उपस्थित- इस अवसर पर समाज प्रमुख परदेशी राम ध्रुव, खेमसिंग ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, लवकुमार ध्रुव, डीगमचंद ध्रुव, गैदसिंग ध्रुव, सेवक राम ध्रुव और पुरानीक ध्रुव सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। वहीं मातृशक्ति की ओर से पूर्व सरपंच तारिणी ध्रुव, सतरुपा बाई ध्रुव, तोषण बाई ध्रुव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता, संस्कृति संरक्षण और आपसी भाईचारे को बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ। समाजजनों ने "जय बड़े देव, जय सेवा, जोहार" के उद्घोष के साथ अपनी परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

